# हरियाणा गौड ब्राह्मण-गुजरात


• वर्ष-1 • अंक-08
• 15 जनवरी-2024
सोमवार

Website
https://hgbsgujarat.org
Email
guj.abhgb@gmail.com

तंत्री एवं प्रधान संपादक : विजयकुमार छत्रपाल शर्मा (चोरीवाड-ईडर)
सहतंत्री : • कमलेश शर्मा (पनवाडिया-थोलाईवाले), • रामअवतार एम.शर्मा (कुडाया), अहमदाबाद, • हितेश शर्मा, सिद्धपुर • उमेश कुडाया अहमदाबाद






## आकर्षक दरो का लाभ ले - ओफर कुछ समय के लिए सीमित

**अब वर्ष 2024 से गुजरात पत्रिका में विज्ञापन की आकर्षक दरें**

**हाफ पेज का विज्ञापन मात्र 500 रूपये में स्वीकार किया जायेगा.**

**पूर्ण पेज का विज्ञापन मात्र 1000 रूपये में स्वीकार किया जायेगा।**

अपने कमर्शियल युनिट या व्यवसाय या व्यापार या नई इकाई का विज्ञापन दे सकते है। आज ही हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज-गुजरात पत्रिका टीम से संपर्क करें।
• गुजरात पत्रिका टीम प्रबंधन

# कोटा में हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज द्वारा छात्रावास का फरवरी 2024 में होगा लोकार्पण

## निर्माण हेतु अहमदाबाद से तीन समाजबंधुओ द्वारा सात लाख रुपिये की आर्थिक मदद भेजी गई

हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज में यह वाकई सराहनीय बात है कि समाज के युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए छात्रावासों और भवनों के निर्माण पर ध्यान दिया जा रहा है। भले ही गुजरात में वर्षों से किसी भवन या छात्रावास की नींव नहीं रखी गई है.. लेकिन अन्य राज्यों में समाजबंधुओ और समाज के संगठन टीम द्वारा सामाजिक विकास गतिविधियों पर ध्यान दिया जा रहा है। समाज की प्राथमिकता पर जोर जिया जा रहा है। इस कडी में राजस्थान का कोटा शहर भी जुड गया है। उच्च अध्ययन के लिए कोटा आने वाले हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज के छात्रों को आवास और भोजन की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए राजस्थान के कोटा में समाज का एक छात्रावास का निर्माण किया गया है। श्री हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज - कोटा संगठन से मिली जानकारी के मुताबिक इस छात्रावास का लोकार्पण फरवरी 2024 में किया जाएगा। गुजरात से हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज के अहमदाबाद के तीन समाजबंधुओने कुल 7 लाख रुपिये की धनराशि कोटा छात्रावास की आर्थिक सहायता के रूप में प्रदान कर समाज सेवा का उत्तम उदाहरण दिया है।




जानकारी के मुताबिक अबतक एक करोड , 15 लाख रुपिये का खर्च हो चुका है, फरवरी माह के अंत में छात्रावास परिसर में एक भव्य आयोजन किया जाएगा। जिस में पूरे भारतवर्ष से समाजबंधुओ को आमंत्रित किया जाएगा। इस समय छात्रावास में 16 कमरे पूरी फिनिशिंग के साथ तैयार हो चुके है। इसमें तीन हजार स्कवायर फिट हॉल भी है। साथ ही पांच हजार स्कवायर फीट में गार्डन रखा गया है। राजस्थान से श्री हरियाणा गौड ब्राह्मण संस्थान - कोटा से जगदीश प्रसाद शर्मा - जिला अध्यक्ष, कोटा, मुकुटबिहारी शर्मा-उपाध्यक्ष, कोटा जिला, राधेश्याम शर्मा-कोटा-महामंत्री-कोटा जिला, नारायणलाल शर्मा-चाकसू-अग्रणी समाजबंधु गुजरात के दौरे पर पधारे थे। संस्थान के ट्रस्टीगण ने गुजरात के तीनो परिवार से कुल 7 लाख रुपिये की नकद आर्थिक सहायता मिलने पर बेहद खुशी व्यक्त की। उपाध्यक्ष मुकिटबिहारीजीने कहा की गुजरात में शिक्षा के प्रति समाजबंधुओ की जागरुकता काबिलेतारीफ है और आर्थिक सहायता देने के लिए धन्यवाद दिया। श्री हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज संस्थान कोटा (पंजीकृत सहकारिता विभाग राजस्थान और भारत सरकार सहकारिता विभाग) सम्पर्क : जगदीश प्रसाद शर्मा एडवोकेट अध्यक्ष 9414309715, राधेश्याम शर्मा महामंत्री 9460216368, मुकुट बिहारी शर्मा उपाध्यक्ष 9414787078, अजय कुमार शर्मा कोषाध्यक्ष 9414227447

## कैसे शिक्षा का हब बना कोटा शहर?

राजस्थान का छोटा सा शहर कोटा पूरे देश में आईआईटी और मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी का गढ़ बन चुका है। हर साल लाखों की संख्या में यहां बच्चे परीक्षा की तैयारी करने आते हैं। बच्चों की भारी संख्या के साथ कोटा में कोचिंग का कारोबार भी हजारों करोड़ रुपये में पहुंच चुका है। कोचिंग का हब कोटा आजकल चर्चा में है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, साल 1991 में यहां कोचिंग क्लासेज गिने-चुने ही हुआ करते थे। इस दौरान यहां एक कोचिंग के 10 छात्रों का चयन आईआईटी में हो गया। इसके बाद अगले साल यहां 50 छात्र आईआईटी में चुने गए। इसके बाद से कारवां चल पड़ा। साल 2015 तक कोटा में कोचिंग का कारोबार हजार करोड़ रुपये का हो चुका था। शहर में हॉस्टल की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। पूरे कोटा शहर में हॉस्टलों की संख्या का कोई पुख्ता आंकड़ा अभी मौजूद नहीं है। यहां छात्र बड़ी संख्या में घरों में पेइंग गेस्ट के रूप में भी रह रहे हैं। कोचिंग ने शहर की तस्वीर पूरी तरह से बदल दी है। होटल संचालकों से लेकर बढ़ई-पेंटर और ऑटोरिक्शा वाले तक की किस्मत चमक गई है। कोटा शहर की पूरी अर्थव्यवस्था कोचिंग पर ही निर्भर है।

डॉक्टर-इंजीनियर बनने का ख्वाब संजोने वालों के लिए राजस्थान का कोटा आखिरी पड़ाव है। आईआईटी, जेईई और नीट की तैयारी करने को हर साल लाखों स्टूडेंट कोटा की राह पकड़ते हैं। कोटा में मेडिकल व इंजीनियरिंग करने वालों छात्रों की संख्या हर साल बढ़ती जा रही है। साल 2023 में छात्रों का आंकड़ा 2 लाख 5 हजार तक पहुंच गया है। 2022-23 में 1 लाख 77 हजार 439 और 2021-22 में 1 लाख 15 हजार छात्र कोचिंग करने कोटा पहुंचे। वर्तमान में कोटा शहर में कोचिंग सस्थानों की संख्या 150 के आस-पास है। कोचिंग की वजह से कोटा में हॉस्टल, पीजी, रेस्टोरेंट, कैफे व मेस भी खूब खुले। कोटा की पूरी कोचिंग इण्डस्ट्री का कारोबार करीब पांच हजार करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। नीट की तैयारी के लिए भारत की सर्वश्रेष्ठ कोचिंग संस्थान भी कोटा में ही है। इतना ही नही , कोटा विश्वविघालय में राजस्थान का पहला प्रधानमंत्री कौशल स्किल हब सेंटर शुरू होने जा रहा है।

## अखिल भारतीय हरियाणा गौड ब्राह्मण महासभा-गुजरात प्रदेश के अध्यक्ष रामजीलाल जोशी(खेडा) ने एक लाख रुपिये का किया सहयोग

अहमदाबाद से दूसरा एक भामाशाह भी कोटा संस्थान को मिला, जहां अखिल भारतीय हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज - गुजरात प्रदेश के अध्यक्ष रामजीलाल जोशी(खेडा-नारनोलिया)ने कोटा संस्थान को आर्थिक सहायता प्रदान करते हुए एक लाख रुपिय नकद राशि प्रदान की। संस्थानने इसके लिए समस्त समाज की और से रामजी लाल, बनवारी लाल, विनोद, पिंटू नाहडिया खेड़ा वाले और समस्त परिवार का बहुत-बहुत धन्यवाद और हार्दिक आभार व्यक्त किया।

3



## अहमदाबाद से एस.एस.परिवारने कोटा छात्रावास के लिए पांच लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की

1




राजस्थान के कोटा में श्री हरियाणा गौड ब्राह्मण संस्थान कोटा द्वारा हरियाणा गौड ब्राह्मण के छात्र-छात्राओ के लिए भव्य छात्रावास का निर्माण हेतु गुजरात के अहमदाबाद में एस.एस.परिवार की ओर से इस उत्तम समाजकार्य के लिए आर्थिक सहायता के तौर पर 5 लाख रुपिये संस्थान के कोटा जिला अध्यक्ष जगदीश प्रसाद शर्मा एवं जिला उपाध्यक्ष मुकुटबिहारी शर्मा को प्रदान किए गए...इस छात्रावास में भारत के किसी भी प्रदेश से कोटा पढाई के लिए आनेवाले समाज के छात्रो को लाभ मिलेगा..इस दौरान एस.एस.मावावाला परिवार के महेन्द्रजी पंडित(पूर्व अध्यक्ष, हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज, गुजरात प्रदेश) , सुनिलजी पंडित एवं हरेशजी पंडित उपस्थित रहे..और छात्रावास के निर्माणकार्य, प्रस्तावित बजट, एवं समाज के छात्रो को मिलनेवाले लाभ के बारे में विस्तृत चर्चा की। इस दौरान रमणलाल शर्मा(सरसपुर-अहमदाबाद), अशोकभाई शर्मा (जिला अध्यक्ष, अहमदाबाद नागरवेल-अहमदाबाद), विजय शर्मा(युवा अध्यक्ष-अहमदाबाद-गांधीनगर संयुक्त जिला) एव समाज के गणमान्य सदस्योने उपस्थिति दर्ज करवाई.. और समाज के छात्रो के लिए छात्रावास निर्माण के लिए संन्निष्ठ प्रयास करने के लिए बधाई और शुभकामनाए दी। एस.एस.परिवार से सुनिल पंडितने बताया था कि समाज के छात्रावास से पूरा भारतवर्ष में समाज के छात्र जो कोटा पढाई के लिए जाना चाहते है तो उनके लिए यह बेहद उपयोगी साबित होगा, उतना ही नही छात्रावास से पढाई कर करियर बनानेवाले समाज के छात्र भी आनेवाले कई वर्षो एवं पीढीयो तक इस सेवा को याद करेंगे। युवा उत्कर्ष एवं भविष्य की पीढी तैयार करने के लिए भी यह छात्रावास मिल का पथ्थर साबित हो सकता है।

## अहमदाबाद : गुजरात महासभा के कोषाध्यक्ष उमेश कुडायाने कोटा छात्रावास के लिए दिए 1 लाख रुपये

2



कोटा में नवनिर्मित छात्रावास हेतु अहमदाबाद के उमेशकुमार रामेश्वरजी कुडाया(कोषाध्यक्ष-गुजरात महासभा) (सहतंत्री-हरियाणा गौड ब्राह्मण पत्रिका-गुजरात) की तरफ से एक लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई... राजस्थान से श्री हरियाणा गौड ब्राह्मण संस्थान - कोटा से गुजरात दौरे पर पधारे जगदीश प्रसाद शर्मा - जिला अध्यक्ष, कोटा, मुकुटबिहारी शर्मा-उपाध्यक्ष, कोटा जिला, राधेश्याम शर्मा-कोटा-महामंत्री-कोटा जिला, नारायणलाल शर्मा-चाकसू-राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आज उमेश कुडाया से रुबरु मिले..आर्थिक सहायता मिलने पर उन्होने बेहद खुशी व्यक्त की... और कुडाया परिवार का धन्यवाद दिया


VIJAY C. SHARMA
M. 81400 36786
98797 61676
JAIMIN V. SHARMA
M. 70415 07786
Ambica
DAIRY PRODUCTS
SINCE 1974
આવો કરીએ સંબંધોની મીઠી શરૂઆત...
બાસુંદી, કેરીનો રસ, મઠો, શ્રીખંડ, વિવિધ ફ્લેવરમાં આઈસ્ક્રીમ,
તાજો માવો, માખણ, ફ્રેશ પનીર, પંજાબી દહીં,
ચીઝ, ક્રીમ વગેરે શુદ્ધ અને સ્વાદિષ્ટ મળશે.
ઓર્ડર ઉપર પુરતું ધ્યાન આપવામાં આવશે.
લગ્ન તેમજ શુભ પ્રસંગે દરેક આઈટમ વ્યાજબી ભાવે મળશે.
PROPERTY INVESTORS
બ્રાન્ચ-૧ : ચોરીવાડ હાઈસ્કૂલની સામે, તા. ઈડર, જિ. સાબરકાંઠા.
બ્રાન્ચ-૨ : પ્લોટ નં. ૧૦૧, જલારામ સોસાયટી, લાલજીપુરા રોડ, શ્રી રામ બ્લોક ફેક્ટરી સામે, હરિધામ સોખડા.

## दहेगाम : नव दिवसीय श्री रामकथा अष्टम महोत्सव का आयोजन



गांधीनगर के दहेगाम स्थित प्रमुख पार्टी प्लोट पर तत्वमसि परिवार एवं समस्त दहेगाम नगर आयोजित श्री गोपालजी मंदिर संत निवास निर्माण हेतु नव दिवसीय श्री रामकथा अष्टम महोत्सव का आयोजन हुआ था। दिनांक 02-01-2024 से 10-01-2024 तक बडी संख्या में स्थानिय भक्तोने वक्ता श्री राघवऋषि के श्रीमुख से रामकथा की अमृतवाणी का रसपान किया। रामकथा की शुरूआत पोथी यात्रा से की गई थी। रामकथा में मुख्य यजमान के रूप में अखिल गुजरात हरियाणा गौड ब्राह्मण सेवा संगठन के प्रदेश महामंत्री योगेन्द्र शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। उन्होने हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज के प्रदेश के सभी भक्तो को कथा का रसपान करने के लिए भी अनुरोध किया था। इस कार्यक्रम में तत्वमसि परिवार के कई गणमान्य सदस्यो, दहेगाम के विधायक, दहेगाम नगरनिगम के अधिकारीगण समेत स्थानिय भक्तोने बडी संख्या में उपस्थिति दर्ज करवाई।

## हेरिटेज साइबर वर्ल्ड एलएलपी के संस्थापक ध्रुव पंडित और गुजरात सरकार के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर




हेरिटेज साइबरवर्ल्ड एलएलपी और गुजरात सरकार के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर समारोह 150 करोड़ रुपये के निवेश और 2000 कुशल साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों के साथ गुजरात के विकास में एक ऐतिहासिक छलांग का प्रतीक है। औद्योगिक विकास के लिए हेरिटेज साइबर वर्ल्ड के संस्थापक के रूप में ध्रुव पंडित द्वारा की गई प्रतिबद्धता। गुजरात के मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र पटेल जी, राज्य के मंत्रियों और विभिन्न सरकारी विभागों के अधिकारियों की मौजूदगी वाला यह महत्वपूर्ण अवसर इस आयोजन को अभूतपूर्व बनाता है। इस अभूतपूर्व समझौता ज्ञापन पर 10वें वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन 2024 के हिस्से के रूप में हस्ताक्षर किए गए, जिससे गुजरात के गांधीनगर में मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित एक समारोह के साथ शिखर सम्मेलन के लिए मंच तैयार किया गया।

## श्री हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज-इंदौर द्वारा आयोजित तीर्थ दर्शन यात्रा सफल

इंदौर : श्री हरियाणा गौड बाह्मण समाज इंदौर के तत्वाधान में आयोजित दिनांक 16 दिसम्बर से 9 दिवसीय धार्मिक यात्रा का सफल समापन हुआ। समाज की यह धार्मिक यात्रा जिस में जगन्नाथपुरी धाम, बाबा बैधनाथ - काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग, गंगासागर, कालिका मंदिर कलकत्ता एवं अयोध्या की विस्मरणीय यात्रा भारत गौरव ट्रेन के शुरू हुई थी। प्रबंध कार्यकारिणी उध्यक्ष मनीष भोंगा व युवा अध्यक्ष पवन भोंगाने बताया कि इस यात्रा में 180 समाजबंधुओ संपूर्ण देश से शामिल हुई थे। जब यात्रा उज्जैन पहुंची थी तो समाजबंधुओ द्वारा भव्य स्वागत किया गया था। यात्रा सफल होने पर सभी समाज के यात्रीओने प्रबंधको एंव आयोजको का आभार प्रकट किया।




समाज के 180 यात्री बने है सहभागी, अन्य प्रदेशो में भी इस तरह की पहल हो

## पूर्व विधायक डॉ.रामराय शर्मा का निधन

जमवारामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से वर्ष 1993 से 1998 तक रहे थे MLA



हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ समाजबंधु के निधन से दौसा-जमवारामगढ समाज में शोक की लहर

पूर्व विधायक डॉ रामराय शर्मा का निधन हो गया। डॉ रामराय शर्मा जमवारामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से वर्ष 1993 से 1998 तक विधायक रहे थे। बीती रात 11:00 बजे जयपुर के मेट्रो हॉस्पिटल में उन्होंने अंतिम सांस ली। डॉक्टर राय लंबे समय से बीमार चल रहे थे। डॉ. राय दसवीं विधान सभा में, जन लेखा समिति के सदस्य रहे। दौसा के ग्राम भण्डाना में जयनारायण शर्मा के घर 25 जुलाई 1942 को जन्मे राय ने सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज जयपुर से एमबीबीएस की डिग्री हासिल कर सेवा कार्य शुरू किया। 10 वीं विधानसभा में जन लेखा समिति के सदस्य रहे। डॉ. राय लायंस क्लब के भी अध्यक्ष रहे। वर्ष 1984 से लायन्स क्लब के विभिन्न पदों पर रहे। दौसा जिले का पहला और बडा हॉस्पिटल राय नर्सिंग होम शुरू कर हमेशा जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए तत्पर रहे थे। उन्होने अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, फ्रांस एवं नेपाल की यात्रा भी की थी।

## पंचमहाल : दौड़ प्रतियोगिता में निखिल पंडित को मिला मेडल



पंचमहाल जिले के कालोल तहसील में स्थित शांति निकेतन शिक्षा संकुल में माध्यमिक स्तर के बच्चों के लिए स्पोर्ट्स दिवस अंतर्गत दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 8वीं क्लास में पढने वाले निखिल राजकुमार पंडित ने इस दौड़ प्रतियोगिता में ऐसा मेडल जीता । हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज गुजरात संगठन ने निखिल पंडित को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## सूचना

समाज की इस पत्रिका में लेख, आर्टिकल या विज्ञापनदाता द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के दावे या प्रस्तुतिकरण के लिए पत्रिका प्रबंधन जिम्मेदार नही है, पत्रिका का उद्देश्य समाज की जानकारीया और समाजबंधुओ से मिलनेवाली सकारात्मक खबरो को सही ढंग से लोगो तक पहुंचाना है।

# द्वितीय वार्षिक पुण्यतिथि








## स्व.शान्ताबेन गोपालभाई शर्मा

मेरे बचपन में मेरी सारी जिम्मेवारियां
उसने पूरी शिद्दत से निभाई थीं
कैसे हो सकती थी किस्मत में परेशानियाँ मेरी
मेरे हाथों की लकीरें मेरी माँ ने बनायीं थीं।

**सुपुत्र : संदिप शर्मा(सारसा), पंकज शर्मा(पत्रकार)**

आपका स्नेह, आदर्श मार्गदर्शन, आशीर्वाद हमारे लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेंगे। आपको स्मरण करते हुए समस्त परिवार भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते है।

**गोपालभाई हरस्वरुप शर्मा, सारसा (जि.आणंद )**
**एवं समस्त नारनोलिया परिवार**

# भावपूर्ण श्रद्धांजलि !



**परमपिता परमेश्वर स्व. तोफादेवी खेमचंदजी शर्मा(कामा-राजस्थान) (हाल - निवास पाटण ,गुजरात) की दिव्य आत्मा को शांति प्रदान करे।**

**भावपूर्ण श्रद्धांजलि ! ॐ शान्ति**

**(निधन तारीख - 27 December 2023)**

**हरियाणा गौड ब्राह्मण-गुजरात पत्रिका टीम**

# भावपूर्ण श्रद्धांजलि !



**परमपिता परमेश्वर स्व.सुनिताबेन प्रहलादजी शर्मा**
**(मूल निवासी - नरोडा, हिंमतनगर) की दिव्य आत्मा को शांति प्रदान करे।**

**भावपूर्ण श्रद्धांजलि ! ॐ शान्ति**

**(निधन तारीख - 16 December 2023)**

**हरियाणा गौड ब्राह्मण-गुजरात पत्रिका टीम**

# समाज में महिलाओं को कैसे मिल सकता हैं प्रोत्साहन?

## मोटीवेशनल स्पीकर दक्षा शर्मा ने बताई कई महत्वपूर्ण बातें

बीते कुछ सालों में सरकार द्वारा अनगिनत योजनाएँ चलाई गयी है जो महिलाओं को सामाजिक बेड़ियाँ तोड़ने में मदद कर रही है तथा साथ ही साथ उन्हें आगे बढ़ने में प्रेरित कर रही है। दिन प्रतिदिन लडकियां ऐसे ऐसे कीर्तिमान बना रही है जिस पर न सिर्फ परिवार या समाज को बल्कि पूरा देश गर्व महसूस कर रहा है। आज महिलाओं की समाज में अहम भूमिका है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और कौशल के माध्यम से महिलाएं समाज में हर क्षेत्र में अपनी अहम भूमिका निभा सकती हैं। इसी के परिणाम स्वरूप इन्हें आर्थिक रूप से सुदृढ किया जा सकता हैं।

### संगठन का विकास - महिलाओ को मिले जगह

किसी भी संगठन को महिलाओ के लिए कुछ योजनाए या महिलाओ के लिए कुछ सहायता जारी करनी है तो सबसे पहले संगठन में महिलाओ को जगह देनी जरूरी है। क्यूकी महिला ही दूसरी महिला की समस्याएं एवं समाज से उनकी चाहत के बारे में अपनी बात बता सकती है। और इस के लिए समाज के संगठन की भूमिका महत्वपूर्ण बन जाती है। समाज का संगठन एक विचारधारा पर चलता है और समाज उत्थान की गतिविधिओ को बढावा देता है। हर संगठन को महिला शक्ति की पहचान करनी जरूरी है। संगठित परिवार, समाज और संस्था कभी असफल नहीं होते हैं। आपसी आत्मीयता, प्रेम, स्नेह, वात्सल्य और एक दूसरे को सहयोग की भावना से समाज उन्नति कर सकता हैं। समाज में सभी बड़े, छोटो के प्रति स्नेह और सहयोग का भाव रखतें तो समाज के कार्य उत्साह और उमंगता से संपन्न हो पाएंगे। इसलिए संगठन में महिलाओ को जगह मिलेगी तो महिला उत्थान को गति मिलेगी।

> **आओ उड़ाने भरें**
> पंख भी हैं, खुला आकाश भी है
> फिर ये न उड़ पाने की मज़बूरी कैसी
> लगता है, आत्मा पर जंग लगे संस्कारों की
> कील ठोंक दी गई है
> कि पंख बस यूं ही फड़फड़ाएं और रह जाएं

### कैसे महिलाओं को किया जा सकता है जागरुक

समाज में महिलाओं को बराबरी का दर्जा दिलाए जाने के लिए बहुत काम करने की जरूरत हैं। समाज में बराबरी का हक दिलाए जाने के लिए महिलाओं में शिक्षा और जागरूकता जरूरी है। खुद की समझ को विकसित करना ही महिला सशक्तिकरण है। महिला अधिकारों को लेकर घर से शुरूआत की जानी चाहिए महिला अपने आप में शक्ति है, जरूरत है खुद को पहचानने की।

### 1 संगठन में महिला टीम हो या महिला को पद मिले तो क्या परिवर्तन देखने को मिल सकता है?

महिला संगठन में महिलाओ को पद मिले तो काफी सुधार हर क्षेत्र में देखा जा सकता है। महिला संगठनो ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है जिससे उन्हे आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ऐसे संगठन का एक उदाहरण स्व नियोजित महिला संघ (SEWA) है। इसका उद्देश्य महिलाओं को रोजगार के अवसर और प्रशिक्षण प्रदान करके उन्हे आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। जब महिलाएं परिवार में कई तरह जिम्मेदारियां निभा सकती है, तो उन्हें यह सुनिश्चित करना भी बहुत जरूरी है वे अपने परिवार के साथ -साथ समुदायों के कार्यक्रम में भी बढावा दें। उदाहरण के तौर पर जब महिलाएं स्कूलों या अन्य उच्च शिक्षा सुविधाओं में शिक्षण पदों पर रहते है, तो वे न केवल अपने परिवारों के लिए समर्थन का एक साधन प्रदान करते है बल्कि लोगो के बीच शिक्षित और जागरूकता बढाकर समाज के कल्याण में भी योगदान करते है |

### 2 महिलाओं को संगठन से जोड़ने के लिए और उनका उत्साह वर्धन के लिए क्या-क्या उपाय किए जा सकते हैं?

इसके लिए सबसे जरूरी यह है कि समानता का आध्यात्मिक वातावरण तैयार हो। नारी सशक्तिकरण तभी हो सकता है जब सारी मानवता इस संतुलन से सशक्त हो जाए। यही समय हैं कि एक ऐसा मनोवैज्ञानिक व आध्यात्मिक वातावरण भी तैयार किया जाए जहां महिला व पुरुष समान पैमानों पर उतर सके। किसी भी समाज के विकास का सीधा संबंध उस समाज की महिलाओं के विकास सें जुडा होता है। जिस समाज में अगर महिला की सहभागीदारी ही नही होगी तो उस समाज में महिलाओ के मुद्दे और महिलाओ का उत्थान संभव नही है।

### 3 कोई महिला प्रदेश संगठन से मदद चाहती है तो वह संगठन से कैसे जुड़े?

यह काफी मुद्दे का सवाल है..जब भी समाज की महिला कही प्रताडित हो या किसी मुश्किल दौर में हो या निःसहाय अवस्था में हो तो वह समाज से मदद कैसे लेगी? महिलाओं की मदद के लिए प्रदेश संगठन को हेल्पलाइन नंबर जारी करने की आवश्यकता है जिसका संचालन भी महिला ही करती हो। जहां वह अपनी पहचान बताए बिना अपनी मदद के साधन प्राप्त कर सके। जहाँ वह अपनी समस्या पर खुलकर विचार रख सके। उदाहरण के तौर पर कही परिवार में महिला बुरी तरह से पीट रही हो या महिला उत्पीडन या हिंसा का शिकार हो रही हो तो समाज संगठन उस महिला तक कैसे पहुंचेगा यह उन्हे सुनिश्चित करना जरूरी है। संगठन में महिला टीम बनेगी तो महिला कार्यक्रम भी होंगे, उनके रुचि आधारित कार्यक्रमो को बढावा मिलेगा। महिलाओ को संगठन की हर एक अपडेट पता होनी जरूरी है। आज इन्फर्मेशन एवं टेकनोलोजी का जमाना है। समाज संगठन को महिला सेमिनार, गोष्टी , प्रगतिशील महिलाओ का सन्मान एवं श्रेष्ठ अभ्यास करनेवाली युवतीओ का सन्मान करना चाहिए। तभी महिलाए संगठन से बेहतर ढंग से जुडेगी। यह निरंतर चलनेवाली प्रक्रिया है।

### 4 महिलाओं की समाज में छवि क्या है?

सरकार ने पुराने वक़्त के प्रचलनों को बंद करने के साथ साथ उन पर क़ानूनन रोक लगा दी है। जिनमें मुख्य थे बाल विवाह, भ्रूण हत्या, दहेज़ प्रथा, बाल मजदूरी, घरेलू हिंसा आदि। इन सभी को क़ानूनी रूप से प्रतिबंध लगाने के बाद समाज में महिलाओं की स्थिति में काफी सुधार आया है। महिला अपनी पूरी जिंदगी अलग अलग रिश्तों में खुद को बाँधकर दूसरों की भलाई के लिए काम करती है। जहां तक हमारे समाज की बात है तो हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज में अभी महिलाओ की छवि उतनी बेहतर नही है जितनी होनी चाहिए। अन्य समाज में महिला सशक्तिकरण , शिक्षा, कमजोर परिवार की सहाय, महिला सहाय वितरण जैसे कार्यक्रम होते है वैसे हमारे समाज में अभी तक नही हुए। इस पर जोर देने की जरूरत है।

### 5 कन्या शिक्षा से होगा परिवर्तन



सही शिक्षा की व्यवस्था न होने के कारण महिलाओं की दशा दयनीय हो गई है। एक औरत बच्चे को जन्म देती है और पूरी जिंदगी उस बच्चे के प्रति अपनी सारी जिम्मेदारियों को निभाती है। बदले में वह कुछ भी नही मांगती है और पूरी सहनशीलता के साथ बिना तर्क किये अपनी भूमिका को पूरा करती है। महिलाएं नौकरी करने लगी है। कई क्षेत्रों में तो महिला पुरूषों से आगे निकल गई है। हमे बेटीयो को उच्चत्तर पढाई के अवसर प्रदान करने चाहिए। इसके लिए परिवारो को भी समझाना चाहिए।

### 6 क्या महिला समाज को बदल सकती है?

समाज में महिलाओं की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है। सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और धार्मिक क्षेत्र ऐसे हैं जहां महिलाओं को अक्सर उनके पदों पर स्वीकार किया जाता है। जब उन्हें इन क्षेत्रों में भाग लेने की आवश्यकता होती है , तो उनके पास प्रभावी प्रतिभा और क्षमताएं होनी चाहिए जो उन्हें ऐसा प्रभावी ढंग से करने की अनुमति दें। महिलाओं को अपने कौशल और प्रतिभा के अलावा अपनी भागीदारी को प्रभावित करने वाले चरों के बारे में जागरूकता बढ़ानी चाहिए। अपने कार्यों को करते समय आने वाली बाधाओं को दूर करने की क्षमता भी इन तत्वों के ज्ञान से ही संभव होती है। जब महिलाएं कई तरह की जिम्मेदारियां निभाती हैं, तो उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे अपने परिवारों और समुदायों के कल्याण को बढ़ावा देने में सफलतापूर्वक योगदान दें।

## अगर बेटी पढकर आगे बढेगी तो उसका परिवार आगे बढेगा

समाज की उन्नति महिलाओ को सशक्त करने में है. अगर बेटी पढकर आगे बढेगी तो उसका परिवार आगे बढेगा, उसकी आनेवाली पीढी भी आगे बढेगी और समाज भी आगे बढेगा। ब्रिघम यंग के द्वारा एक प्रसिद्ध कहावत है की ‘अगर आप एक आदमी को शिक्षित कर रहे है तो आप सिर्फ एक आदमी को शिक्षित कर रहे है पर अगर आप एक महिला को शिक्षित कर रहे है तो आप आने वाली पूरी पीढ़ी को शिक्षित कर रहे है’। समाज के विकास के लिए यह बेहद जरूरी है की लड़कियों को शिक्षा में किसी तरह की कमी न आने दे क्योंकि उन्हें ही आने वाले समय में लड़कों के साथ समाज को एक नई दिशा देनी है। ब्रिघम यंग की बात को अगर सच माना जाए तो उस हिसाब से अगर कोई आदमी शिक्षित होगा तो वह सिर्फ अपना विकास कर पायेगा पर वहीं अगर कोई महिला सही शिक्षा हासिल करती है तो वह अपने साथ साथ पूरे समाज को बदलने की ताकत रखती है। हमने आज तक महिला को बहन, माँ, पत्नी, बेटी आदि विभिन्न रूपों में देखा है जो हर वक़्त परिवार के मान सम्मान को बढ़ने के लिए तैयार रहती है। शहरी क्षेत्रों में तो फिर भी हालात इतने ख़राब नहीं है पर ग्रामीण इलाकों में महिला की स्थिति चिन्ता करने योग्य है।

महिलाएं परिवार बनाती है, परिवार घर बनाता है, घर समाज बनाता है और समाज ही देश बनाता है। इसका सीधा सीधा अर्थ यही है की महिला का योगदान हर जगह है। महिला की क्षमता को नज़रअंदाज करके समाज की कल्पना करना व्यर्थ है। शिक्षा और महिला ससक्तिकरण के बिना परिवार, समाज और देश का विकास नहीं हो सकता। महिला यह जानती है की उसे कब और किस तरह से मुसीबतों से निपटना है। जरूरत है तो बस उसके सपनों को आजादी देने की। निम्नलिखित पंक्तियाँ समाज की बेटियों को एक बार फिर से उठ खड़े होने का ज़ज्बा प्रदान करती हैं।

# वाईब्रेन्ट गुजरात-भारतीय विज्ञान सम्मेलन में कार्य करने के लिए मिला प्रमाणपत्र




गांधीनगर : डॉ. दौलतकुमार गोपाल लाल शर्मा (बेरोज्या) (फैकल्टी, गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज गांधीनगर, गुजरात) को साइंस सिटी, अहमदाबाद में 21-24 दिसंबर 2023 के दौरान विज्ञान भारती और गुजरात सरकार द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित वाइब्रेंट गुजरात-भारतीय विज्ञान सम्मेलन 2023 के समिति सदस्य के रूप में कार्य करने के लिए प्रशंसा प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ। इसके लिए उन्हें डॉ. वी. पी. एन. नमपुरी, विजिटिंग प्रोफेसर, इंटरनेशनल स्कूल ऑफ फोटोनिक्स, कोचीन यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, कोचीन, केरल द्वारा सम्मानित किया गया है। उन्हें साइंस सिटी, अहमदाबाद में 21-24 दिसंबर 2023 के दौरान विज्ञान भारती और गुजरात सरकार द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित वाइब्रेंट गुजरात-भारतीय विज्ञान सम्मेलन 2023 के हिस्से के रूप में राष्ट्रीय सम्मेलन (National Conference) में थीम समन्वयक (भारतीय ज्ञान प्रणाली) के रूप में कार्य करने के लिए व जूरी सदस्य (थीम: 1. जमीनी स्तर पर नवाचार 2. वैज्ञानिक विरासत पर्यटन) के रूप में कार्य करने के लिए प्रशंसा प्रमाण पत्र भी प्राप्त हुये है। उन्होंने इसी राष्ट्रीय सम्मेलन में (थीम: हरित ऊर्जा, हरित भविष्य) टीम के साथ एक शोध पत्र पोस्टर "पेरोव्स्काइट सोलर सेल (Perovskite Solar Cell )" भी प्रस्तुत किया है।

## मन की बात - समाज की महिलाओ के साथ

# हरियाणा गौड ब्राह्मण गुजरात की नारीशक्ति भेजे अपने जिंदगी के अनुभव



समाज व्यवस्था के बारे में, महिलाओ की भूमिका, पृष्ठभूमि में अपने पढाई के अनुभव, संघर्ष एवं सपना पूरा नही कर पाने की चाहत वगैरे भेज सकती है

हरियाणा गौड ब्राह्मण गुजरात पत्रिका बनेगा प्लेटफार्म - श्रेष्ठ आर्टिकल्स को चयनित कर पत्रिका टीम द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा

मनीषा शर्मा , वडोदरा : गुजरात में नारी शक्ति की शक्ति बनते हुए बेहद खुशी हो रही है कि आज की इस दिन से एक नई शुरुआत हो रही है, एक नई सोच मुझ में पैदा हुई जिसके लिए मैं अपने आप पर गर्व की अनुभूति करती हूं, मैं मनीषा शर्मा बडौदा गुजरात से हरियाणा इस लेख के माध्यम से आप सभी समाजबंधुओ से खासकर महिलाओ से कुछ बाते साझा करना चाहती हूं. हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज एवं गुजरात नारी शक्ति की शक्ति को प्रदर्शित करने के लिए मुझे मेरे समाज ने अच्छा मौका दिया है. एक नई खोज और नई सोच यह है कि क्यों ना हम सब मिलकर हम महिलाओ के मन की बात और उनकी आवाज हम खुद महिला ही बने?. इसी सोच के साथ आने वाली हर पत्रिका के अंक में हम अपने-अपने मन की बात साझा करेंगे जैसे की किसी को बोलने की प्रतिभा नहीं है, लेकिन लिखने की तो होगी ही, या तो लिखवाने की होगी. अब इस पर हम सभी महिलाओ को करना क्या है कि जिन-जिन महिलाओ के बचपन के कुछ ख्वाब, शादी के कुछ ख्वाब, पढाई लिखाई के कुछ ख्वाब और आप में छुपे हुए हुनर और इस हुनर को दिखाने की ख्वाहिश जो हमारी जिंदगी की एक स्टोरी बन चुकी है हमारी जिंदगी में कुछ ऐसी घटनाएं घटित हुई होगी जिसके लिए हमें अपनी आवाज को समाज के परिवार के सदस्यों को बताना था पर हमें वह मौका ही नहीं मिला या मिला भी होगा तो किसी ने सुना नहीं होगा और हमारी उंगली नहीं पकडी होगी तो अंक पत्रिका के द्वारा कलम में इतनी ताकत है कि हम अपने मन की आवाज पत्रिका के प्लेटफार्म पर लिखकर भेज सकती है. ऐसी कहानी या घटनाएं जिसे बचपन की कोई ख्वाहिश रह गई है और वह कोई स्टोरी है आपकी खुद की जैसे कि आपको पढाई खूब करनी थी मार्क्स अच्छे आए थे आपके, पर फैमिली का कोई स्ट्रगल रहा होगा या फिर पैसे की जरूरत ना होने के कारण हमारे माता-पिता पढा नहीं पाए ऐसी एक मां की कहानी, ऐसी एक बेटी की कहानी अनेकों कहानी इस प्लेटफार्म पर हम साझा कर सकते है. इससे महिलाओ को कुछ कर दिखाने का मौका तो मिलेगा ही. साथ ही समाज की महिलाओ को संघर्ष और उनकी त्यागभावना का भी पता चलेगा. हरियाणा गौड ब्राह्मण गुजरात पत्रिका के माध्यम से समाज की सभी महिला एवं नारीशक्ति से आहवान करते हुए यह संदेश पहुंचाना चाहती हूं की जिसे भी अपनी जिंदगी के बारे में या आपके मन की बात को साझा करना है तो आप मुझसे कभी भी संपर्क कर सकते है. या पत्रिका टीम के किसी भी सदस्य से संपर्क कर सकते है अथवा पंकज शर्मा से भी संपर्क कर सकते है. मैं इस मन की आवाज को आवाहन करते हुए हमारे हरियाणा गॉड ब्राह्मण समाज की सारी महिलाओं को यह संदेश पहुंचा रही हो जिसको भी जैसे आपका मन होता है क्या लिखना है क्या कैसे करना है उसके लिए आप आगे आए और इसमें आप हिस्सा ले इसके लिए मेरा कांटेक्ट कर सकते है या पंकज भाई से कांटेक्ट कर सकते हैं. इसका विस्तार भी हम आपको बताएंगे जैसे आपको लगता है कि मैं अपना नाम और पता नहीं देना चाहती हूं पर मन की आवाज को पहुंचाना चाहती हूं तो आपका नाम और पता हम सजा नहीं करेंगे इसे गुप्त ही रखा जाएगा क्योंकि यह मन की आवाज पहचाने से क्या होगा की आप किसी के लिए एक इंस्पिरेशन बनोगे तो बिना डरे बिना संकोच आप इस पर आपकी मन की आवाज भेज सकती है धन्यवाद।

# आणंद के अशोक शर्मा ने मथुरा में नववर्ष के दर्शन कर समाज की उन्नति की प्रार्थना की

अखिल गुजरात हरियाणा गौड ब्राह्मण - आणंद जिला अध्यक्ष अशोक पिताम्बरदास शर्मा 2024 के नए साल पर मथुरा वृंदावन पहुंचे। जहां उन्होने भगवान गिरिराज के दर्शन कर धन्यता का अनुभव किया। दानघाटी गोवर्धन मंदिर समेत गोवर्धन परिक्रमा पूर्ण की। गौरतलब है कि गोवर्धन की 21 किमी परिक्रमा में तीन मंदिर दानघाटी, मुकुट मुखारविद और जतीपुरा मुखारबिद प्रसिद्ध हैं। इनमें दानघाटी मंदिर पर सबसे ज्यादा भक्तों का आवागमन रहता है। तलहटी के भव्य मंदिरों में शुमार दानघाटी मंदिर का सौंदर्य नज़रों को ठहरने पर मजबूर कर देता है। यूं तो गिरिराज प्रभु की इक्कीस किमी लंबी परिक्रमा लोग कहीं से भी शुरू कर देते हैं परंतु अमूमन भक्त इसी मंदिर से परिक्रमा प्रारम्भ करते हैं। दानघाटी गिरिराज पर रोजाना लाखों क्विंटल दूध चढ़ता है। महीना में तकरीबन पंद्रह दिन प्रभु का फूल बंगला सजता है तथा छप्पन भोग का आयोजन होता है। मंदिर की ऊंची इमारतें और प्रांगण रंग बिरंगी रोशनी से झिलमिलाता रहता है। रोजाना होते उत्सवों के कारण इसे नित्य उत्सव भूमि की संज्ञा प्राप्त है






# जाने प्रचलित लांगुरिया गीत किससे संबंधित है?

मनोज शर्मा, शामलाजी : लांगुरिया लोकगीत हर प्रांत में पाए जाते हैं। लांगुरिया क्या है ,किसे लांगुरिया कहते हैं, उसका महत्व क्या है और लांगुरिया से भली-भांति आप परिचित हो सके इसलिए समाज की पत्रिका में मैने लिखने का किया है। भक्ति के मार्ग पर " लांगुर" का बड़ा महत्व है। देश के विभिन्न प्रांतो, देवीस्थानो, क्षेत्रो पर 'लांगुर' के रूप को लेकर विभिन्नताएं देखी जा सकती है। कुछ लोग शिव को लांगुर मानते हैं, कुछ भैरव को तो कोई हनुमान को यह स्थान देते हैं ।

नवरात्रि पर दुर्गा पूजन में लांगुर को भोजन करने की परंपरा है यह तो सबको पता ही है। शिव देवों में महादेव है तव देव विष्णु व विष्णु अवतार श्री राम श्री कृष्ण भी लांगुर है। इसलिए जेल में जन्मे लांगुरिया करें कंस संघार रावण को दय मार् राम से लांगुरिया जैसे लोकगीत गाए जाते हैं। लांगुर शिव है इस प्रकार 'लांगुर' में 'ईया' प्रत्यय जोड़कर नायक नायिका ( शिव और आदि शक्ति गौरी) एक दूसरे के लांगुरिया है। इसी आधार पर सामाजिक परिवेश में पति और पत्नी, प्रेमी और प्रेमिका परस्पर एक दूसरे के लांगुरिया है।

भैरवनाथ देवी मां के लांगुर है व हनुमानजी सीता मां के आज्ञाकारी लांगुर है तब सामाजिक परिवेश में पुत्र भी लांगुर है। इस प्रकार यथा गीत अनुसार लांगुर देवता है ,पुत्र भी है और परस्पर प्रेमी प्रेमिका भी है।जिस तरह कन्याओं को एक साथ बैठाकर पूजा जाता है ठीक उसी तरह उसमें एक लड़के यानी लांगुर की भी पूजा की जाती है।

लोकवाईका के अनुसार देवी हनुमान से इतनी प्रसन्न हुई कि वह उन्हें पुत्र के रूप में प्राप्त करना चाहने लगी तब हनुमान ने स्वयं ही देवी की चरणभक्ति में स्वयं को समर्पित कर दिया था ।यही हनुमान लांगुन (पूंछ) के कारण' लांगुरिया' कहलाए । कुछ प्राचीन कथाओं के अनुसार लांगुरिया गीतों का श्रेय कैला देवी को दिया जाता है उनका मंदिर हनुमान मंदिर के सम्मुख है जिसे स्थानीय रूप से 'लांगुरिया' के नाम से जाना जाता है।

लांगुरियौ की उपासना में गाए जाने वाले गीत ही 'लांगुरिया' कहलाते हैं। गीतों में महिलाएं लांगुर को अपना रक्षक कह कर गाती है। इसका मतलब की रक्षक (लांगुर ) को भी अपने पति के रूप में देखती है। लांगुरिया में सबसे ज्यादा उपयोग शब्द जॉगिन मतलब स्त्री (पत्नी) की बात हो रही होती है





## बिरधीचंद शर्माने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से की मुलाकात



अखिल भारतीय हरियाणा गौड ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिरधीचंद शर्मा ने सुशासन को समर्पित प्रदेश भाजपा सरकार में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्माजी से आत्मीय भेंट की व सांगानेर के विभिन्न जनहित संबंधित विषयों को लेकर सकारात्मक चर्चा की।



राजस्थान : अखिल भारतीय हरियाणा गौड ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष शंभुलाल कुईवालाने ग्राम डिडवाना में अयोध्या राम जन्मभूमि से आये अक्षत (पीले चावल) रामजी के पत्रक को रामसाला बालाजी मंदिर से रामभक्तों द्वारा मुख्य बाजार होते हुए फूल वर्षा के साथ रामदेव जी मंदिर से गोपाल जी महाराज के मंदिर में विधि विधान के साथ रखा। जिन्हे 1 जनवरी से 7 जनवरी तक घर-घर तक पहुंचाया गया। इस दौरान सभी रामभक्त उपस्थित रहे।

# वडोदरा के दिव्यांग हितेश पंडितने युथ फेस्टिवल में तबलावादन का हुनर दिखाया




हेमचंद्राचार्य उत्तर गुजरात युनिवर्सिटी परिसर में 11 दिसम्बर को तीन दिवसीय युथ फेस्टिवल "कल्पवृक्ष" का भव्य आयोजन किया गया। जहां वडोदरा के दिव्यांग हितेश पंडितने तबला वादन कर अपना हुनर दिखाया। हितेश पंडितने बताया कि वह अपने एक दोस्त के माध्यम से पाटण युथ फेस्टिल में पहुंचा था। वहां एक तबलावादन की जरूरत थी और मुझे सहभागी बनने का अवसर प्रदान हुआ। आज के वर्तमान समय में युवा छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ खेल और उनमें युवा कलात्मकता को उचित मंच प्रदान करने के लिए राज्य सरकार द्वारा पाटण के कन्वेंशन हॉल में खेल युवा एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के तहत विभिन्न युवा महोत्सवों का आयोजन किया जाता है। यहां राज्य भर से स्पर्धकोने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## जयपुर : पोषबड़ा महोत्सव एवं नववर्ष स्नेह मिलन समारोह का सफल आयोजन



7 जनवरी 2023 रविवार को धाबाई जी का खुर्रा, रामगंज बाजार, जयपुर श्री चर्तुभुज मन्दिर में पोषबड़ा महोत्सव एवं नववर्ष स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया जिसमें अखिल भारतीय हरियाणा गौड ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिरधीचंद शर्माने शिरकत की। उन्होने इस सफल कार्यक्रम के लिए जिला इकाई के अध्यक्ष व समस्त कार्यकारिणी सदस्य एवं समस्त समाज बंधुओं को बहुत-बहुत बधाई दी।

## दौसा : शंकर शर्मा ने नववर्ष दूधोत्सव 2024 में दूध वितरण किया



भाजपा के पूर्व विधायक एवं अखिल भारतीय हरियाणा गौड ब्राह्मण महासभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष शंकर शर्मा ने दौसा में गांधी तिराहे पर नववर्ष दूधोत्सव 2024 में दूध वितरण कर विकास, प्रगति एव सामाजिक समरसता के साथ दौसा के विकास के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। इससे पहले उन्होने नव वर्ष के उपलक्ष में उन्होने कार्यकर्ताओ से मुलाकात कर संवाद किया था। इस दौरान बडी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दहेगाम में राज्य मार्ग परिवहन डिपो में ब्लड डोनेशन केम्प का आयोजन



गांधीनगर जिले के दहेगाम तहसील में स्वच्छ यात्रा शुभ यात्रा अंतर्गत राज्य मार्ग परिवहन डिपो के कर्मचारी, रोटरी क्लब ओफ दहेगाम एवं जेसीआई दहेगाम के सहयोग से बस स्टेन्ड पर ही ब्लड डोनेशन केम्प रखा गया था. इस दौरान दहेगाम के विधायक बलराजसिंह चौहान, दहेगाम शहेर भाजपा अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा, नगरनिगम के उपाध्यक्ष राजीव पटेल समेत कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

# डॉ. दौलत कुमार शर्मा को वर्ल्ड रिकॉर्ड्स इंडिया से प्रमाण पत्र व मेडल मिला

गांधीनगर : गुजरात के छात्रों के बीच विज्ञान और प्रौद्योगिकी के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए, विज्ञान गुर्जरी ने स्टूडेंट इनोवेशन फेस्ट (SIF 2023) का आयोजन किया; जहां 360 शिक्षाविदों, वैज्ञानिकों और उद्योग विशेषज्ञों ने 35000+ छात्रों को व्याख्यान दिया और 10 अगस्त 2023 को एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। विश्व रिकॉर्ड धारक टीम का सदस्य होने के नाते (एक ही दिन में अधिकतम छात्र विज्ञान और नवाचार विशेषज्ञ वार्ता श्रृंखला में भाग लेना); डॉ. दौलत कुमार शर्मा को वर्ल्ड रिकॉर्ड्स इंडिया से प्रमाण पत्र व मेडल मिला। विज्ञान गुर्जरी, विज्ञान भारती आंदोलन की गुजरात इकाई है जो विज्ञान, इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी के उचित एकीकरण के माध्यम से भारत के समग्र विकास के लिए काम कर रही है। विज्ञान गुर्जरी गुजरात प्रांत के प्रख्यात वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, नीति निर्माताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं को इस साझा प्रयास में भाग लेने और अग्रणी बनने के लिए आमंत्रित करते हैं। डॉ. दौलत कुमार का वर्तमान कार्य स्थल मेटलर्जी इंजीनियरिंग विभाग, गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज, सेक्टर-28, गांधीनगर, गुजरात हैं। पत्रिका परिवार इनके उज्जवल भविष्य की कामना करता है।



## थानागाजी : शारदा सामाजिक सेवा समिति के तत्वाधान में विशाल रक्तदान शिविर



श्री श्री 108 बाबा श्री फूलनाथ जी माहाराज के पावन सान्निध्य में शारदा सामाजिक सेवा समिति थानागाजी के तत्वाधान में विशाल रक्तदान शिविर एवं नववर्ष स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया था। राष्ट्रीय युवा कार्यकारी अध्यक्ष सुनील शर्मा जी, मोहन जी 12 बीघा, बंशी खेड़ी, विनोद कूड़ाया, आयोजक समिति ने जो मान सम्मान दिया उसके लिए स्मानीय राजेंद्र शर्मा, कैलाश शर्मा का आभार प्रकट करते हुए सभी समाजबंधुओने इस कार्यक्रम की जमकर सराहना की। इस कार्यक्रम में कई युवाओने रक्तदान करके सेवा का भाव प्रकट किया। अब लोग जागरूक हो रहे हैं। बढ़-चढ़कर रक्तदान में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। पहले लोगों के बीच रक्तदान को लेकर तरह की भ्रांतियां थी। लोग सोंचते थे कि रक्तदान करने से कमजोरी होती है, लेकिन अब ऐसा नहीं है। लोग जागरूक हो चुके हैं।

## अहमदाबाद : गुजरात महासभा द्वारा पोषबड़ा का सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित किया



हरियाणा गौड ब्राह्मण - महासभा गुजरात प्रदेश द्वारा पोष बड़ा का सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित किया।रामदेव पीर मंदिर, मुखी की वाडी के सामने इसनपुर वटवा रोड,इसनपुर,अहमदाबाद में आयोजित पोष बड़ा कार्यक्रम में महाप्रसादी का आयोजन किया गया। गुजरात महासभा के प्रदेश अध्यक्ष रामजीलाल शर्मा समेत गुजरात महासभा संगठन के कई समाजबंधुओने उपस्थिति दर्ज करवाई।

## जमवारामगढ़ : धार्मिक कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रो से समाजबंधओने की शिरकत



अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा के जमवारामगढ़ तहसील अध्यक्ष श्री रामराय जी बंदावला के धार्मिक कार्यक्रम में जिला के समाजबंधुओ एवं महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिरधीचंद शर्मा शामिल हुए। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्षने विभिन्न क्षेत्रो से पधारे समाज बंधुओ से मुलाकात की और स्वागत के साथ मान-सम्मान देने के लिए धन्यवाद प्रकट किया।

## बस्सी : महाविद्यालय बस्सी के लिए 1,01,000 का सहयोग



अखिल भारतीय हरियाणा गौड ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय युवा संघ अध्यक्ष रमेश शर्मा(मावावाले-जयपुर) ने महाविद्यालय बस्सी विराजपुरा हेतु 101000 का सहयोग प्रदान किया जिसका चैक हरियाणा गौड ब्राह्मण विद्यालय समिति जयपुर को भेट किया। इस दौरान राष्ट्रीय महासभा के महामंत्री सिताराम आलियाबाद समेत कई समाजबंधुगण उपस्थित रहे।

## जयपुर : सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का पोस्टर विमोचन



अखिल भारतीय हरियाणा गौड ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिरधीचंद शर्मा ने 22 जनवरी 2024 सोमवार को श्रीराम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में होने जा रहे सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का पोस्टर विमोचन किया। उन्होने सभी से निवेदन करते हुए कहा कि 22 जनवरी 2024 सोमवार को सभी अपने घरों में दीपक जलाकर खुशियां मनाएं।

## बस्सी : सामूहिक पोष बड़ा महोत्सव एवं स्नेह मिलन समारोह




हरियाणा गौढ़ ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित स्नेह मिलन समारोह एवं सामूहिक पोष बड़ा महोत्सव में जयपुर, बस्सी समेत राजस्थान भर से हरियाणा गौड ब्राह्मण समाजबंधुओने शिरकत की । आयोजको द्वारा इस कार्यक्रम में पधार कर इस भव्य आयोजन को सफल बनाने पर सभी समाज बंधुओ को बहुत-बहुत धन्यवाद व हार्दिक आभार प्रकट किया गया।

## आणंद : सारसा में दिव्य अक्षत कलश यात्रा का भव्य स्वागत



अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा 22 जनवरी 2024 को होने जा रही है। उसके निमंत्रण स्वरूप राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ एवं हिन्दु समाज द्वारा अक्षत कलश यात्रा निकाली गई जिसका आणंद जिले के सारसा गांव में भव्य स्वागत किया गया। अक्षत अभियान के तहत प्रत्येक परिवार को अक्षत प्रसादी दी गई.. सारसा के समाजबंधु संदीप शर्मा भी अक्षत कलश यात्रा में शामिल होकर गांव के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण किया. .और सारसा स्थित श्रीराम मंदिर पहुंचे..जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए..

## सांगानेर : "श्रीमद् भागवत कथा" का भव्य आयोजन हुआ




अखिल भारतीय हरियाणा गौड ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिरधीचंद शर्माने प्रतापनगर सांगानेर जयपुर आयोजित "श्रीमद् भागवत कथा" में सम्मिलित होकर कथा श्रवण का सौभाग्य प्राप्त किया। इस अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण जी से सबके कल्याण एवं मंगल के लिए प्रार्थना की।

# के.एम.ट्रान्स्पोर्ट सर्विस

## कमलेश शर्मा



महामंत्री, अखिल भारतीय
हरियाणा गौड ब्राह्मण
महासभा,गुजरात प्रदेश

M : 9427022758
M : 9898584469






**Truck, Trailors, Cranes, Suppliers For All Over India Specialist in O.D.C. Consignment, Carting & Crane Contractor.**

नाथाभाई एस्टेट, सनकोर प्लाजा के सामने,
जशोदानगर क्रॉस रोड के पास, अमराईवाड़ी,
अहमदाबाद-380026

Email : kmts9@yahoo.in

## गुजरात महासभा के प्रदेश महामंत्री कमलेश शर्मा की अपील

# विघटित समाज का उत्कर्ष करना मुश्किल हो जाए उससे पहले समाज को एकजूट करे

### गुजरात में महत्वपूर्ण कार्यो पर बल नही दिया गया तो समाज बेहद कमजोर पड जाएगा

कमलेश कुमार शर्मा पुत्र श्री महादेव जी शर्मा (पनवाडिया परिवार) की तरफ से सभी समाज बंधुओ को जयश्री राम जी की राधे-राधे हर हर महादेव। अखिल भारतीय हरियाणा गॉड ब्राह्मण महासभा गुजरात प्रदेश की ओर से समाज कल्याण समाज उत्कर्ष के जिन कार्यों को हमें करना है उन कार्यों की मैंने सूची बनाई है।मगर यह कार्य किसी व्यक्ति विशेष या कीसी परिवार विशेष एवं स्वयं से संभव नहीं है। तन मन धन के साथ में समाज बंधुओ का योगदान भी अति आवश्यक है। और यह सभी कार्य करना तभी संभव होगा जब सभी समाज बंधु एकता अखंडता के साथ पूर्ण रूप से अपना समय, त्याग एवं बलिदान की भावना रखेंगे।

समय का मतलब यह है कि सभी समाज बंधु पारिवारिक कार्यों की व्यवस्था एवं किसी ने किसी प्रकार के धंधे रोजगार से जुड़े हुए हैं एवं उसमें इतने व्यस्त रहते हैं की समाज के कार्यों के लिए समय निकालना चर्चा विचारना करना एवं समाज को आगे बढ़ाने के बारे में सोचने का समय नहीं है या समय दे नहीं पाते हैं। एवं कहीं लोग यह सोचते हैं कि कितना भी समय दे समाज में कोई परिवर्तन आने वाला नहीं है एवं समाज को बदलना मुश्किल है। यह सोच भी हमको कमजोर बनाती है। नेगेटिव ज्यादा और पॉजिटिव हम कम सोचते हैं।

त्याग का मतलब है पद लालसा को छोड़ना। अगर हम समाज कल्याण एवं समाज उत्कर्ष का कार्य करने एवं समाज में परिवर्तन लाने में सक्षम नहीं है एवं अपना समय एवं योगदान नहीं दे सकते तो पद पर बने रहने का कोई मतलब नहीं है समाज की एकता एवं अखंडता के लिए कभी-कभी पद का भी त्याग करना पड़ता है पद एवं प्रतिष्ठा की लालसा में समाज का विभाजन होता है एवं समाज टूटता जाता है मुझे पद की कोई लालसा नहीं है एवं समाज की एकता एवं अखंडता के लिए मैं अपने पद का भी त्याग समाज बंधुओ की इच्छा एवं आज्ञा से करने को तैयार हूं और यही भावना समाज की एकता को मजबूत बनाएगी।

बलिदान शब्द का मतलब यह है की जैसे हम प्रभु की भक्ति को पाने के लिए अपना तन मन धन सब कुछ प्रभु के श्री चरणों में समर्पित कर देते हैं, ठीक उसी तरह हमारे समाज के कल्याण उत्कर्ष एवं आगे बढ़ाने के लिए हम सब के मन में तन मन धन समाज के चरणों में समर्पित करने की उत्कर्ष भावना का संचार होना चाहिए। मैंने गुजरात समाज बंधुओ के उत्कर्ष कल्याण एवं समाज को आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण कार्य करने की सूची बनाई है अगर इन महत्वपूर्ण कार्यों में समाज का पूर्ण रूप से सहयोग मिलता है तो निश्चित तौर पर मेरा आत्मविश्वास है कि गुजरात समाज एवं गुजरात समाज बंधु निश्चित तौर पर अवश्य प्रगति के पथ पर अग्रसर रहेंगे।

## महत्व पूर्ण कार्यों की सूची

**01** सबसे पहला एवं महत्वपूर्ण कार्य यह है कि जो गुजरात समाज बंधु विघटित एवं बटे हुए हैं उनको सबसे पहले एक होना होगा। एकता ही समाज की सबसे बड़ी सिद्धि है और यही महत्वपूर्ण कार्य सबसे पहले हमको त्याग की भावना के साथ करना होगा।

**02** समाज बंधुओ में स्नेह, प्रेम, समर्पण एवं आत्मभाव की भावना को बढ़ाना होगा। जैसे की कहीं महत्वपूर्ण सार्वजनिक कार्यों में एवं पर्सनल कार्यों में कहीं समाज बंधु एक दूसरे के निमंत्रण को रोकने का प्रयास करते हैं वह समाज के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है।

**03** गुजरात प्रदेश समाज में सेवा संगठन का अलग बैंक अकाउंट एवं महासभा का अलग बैंक अकाउंट है। समाज के उत्कर्ष के लिए समाज का एक ही बैंक अकाउंट होना चाहिए। जो की गुजरात प्रदेश में रजिस्टर्ड हो एवं गुजरात प्रदेश समाजबंधु उसका प्रतिनिधित्व करे एवं सब साथ मिलकर उसको संचालित करें। उसमें समय-समय पर महत्वपूर्ण निर्णय ले सके एवं परिवर्तन ला सके। एक बैंक अकाउंट के सिद्धांत से समाज का कार्य विश्वसनीय पारदर्शी एवं ईमानदारी से विकसित होता है।

**04** विघटित समाज को एक करने के बाद जो भी समाज बंधु गुजरात प्रदेश समाज के रजिस्टर्ड ट्रस्ट मैं प्रतिष्ठित पद एवं कार्यकारिणी से जुड़े हुए हैं उन सभी को मिलकर ट्रस्ट के नीति नियमों के अनुसार विचार विमर्श एवं परामर्श के बाद हर महीने एक निश्चित रकम ट्रस्ट के बैंक अकाउंट में जमा करने का प्रावधान करना चाहिए एवं हर एक परिवार से स्वेच्छा के तौर पर एक निश्चित दान राशि समाज के ट्रस्ट में जमा करवानी चाहिए क्योंकि समाज कल्याण एवं समाज उत्कर्ष के कार्यों के लिए धन की अति आवश्यकता रहती है। बूंद बूंद से तालाब भरता है ठीक उसी तरह समाज में हर साल एक अच्छी धनराशि इकट्ठी हो सकती है उस फंड को हम समाज के नीति नियम एवं सिद्धांत के अनुसार समाज कल्याण समाज उत्कर्ष एवं समाज के विकास के विभिन्न प्रकार के कार्यों के लिए उपयोग में ले सकते हैं एवं गुजरात प्रदेश समाज को आगे बढ़ा सकते हैं फंड के माध्यम से हम समाज के आर्थिक रूप से कमजोर बच्चे, होनहार बच्चे एवं परिवार को आगे बढ़ाने के विकास कार्य में भी मददरूप हो सकते हैं एवं कहीं परिवारों को ब्याज के चक्रव्यूह से बचा सकते हैं।

**05** हरियाणा ब्राह्मण समाज सेवा संगठन गुजरात प्रदेश की कार्यकारिणी एवं समाज बंधुओ ने गुजरात प्रदेश में रह रहे समाज बंधुओ की जनगणना का महत्वपूर्ण कार्य करने का भगीरथ प्रयास किया है एवं उसमें उन्होंने महत्वपूर्ण सफलता भी हासिल की है एवं जनगणना एवं समाज के अन्य महत्वपूर्ण कार्यों को कंप्यूटर पोर्टल पर चढ़ना एवं समाज के विभिन्न कार्यक्रमों को पोर्टल पर चढ़ने का जो अभीगम अपनाया है एवं जो भगीरथ कार्य कीया है उसके लिए में सेवा संगठन से जुड़े हुए सभी समाज बंधुओ को हार्दिक बधाई एवं धन्यवाद देता हूं एवं इस कार्य को सब साथ मिलकर निश्चित रूप से आगे बढ़ाएं यही मेरी मनोकामना है एवं उद्देश्य है।

**06** समाज की एकता एवं अखंडता के लिए बार त्योहार पर विभिन्न प्रकार के धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करना, विभिन्न प्रकार के खेलकूद के कार्यक्रम आयोजित करना, ब्लड डोनेशन, वक्तृत्व स्पर्धा, चित्रकला एवं समाज बंधुओ के राय पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का समय समय पर आयोजन करना। जिस से समाज की एकता अखंडता मजबूत बनेगी एवं समाज बंधुओ में नई ऊर्जा का संचार होगा।

**07** समाज बंधुओ के लिए धर्मशाला स्कूल हॉस्टल आदि के लिए जमीन खरीदना एवं उसका निर्माण कार्य पूरा करना एवं साथ-साथ में विभिन्न जिलों के बीच में महत्वपूर्ण स्थलों पर जमीन खरीदकर धर्मशाला स्कूल कोलेज हॉस्टल आदि का निर्माण करना।

**08** कमजोर समाज बंधुओ को रोजगार उद्योग धंधों जैसे विभिन्न क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए कोऑपरेटिव सोसाइटी जैसा स्ट्रक्चर खड़ा कर मदद करने की भावना।

**09** ज्यादा से ज्यादा समाज बंधु राजनीति के क्षेत्र में आगे बढे उनका साथ देना। ज्यादा से ज्यादा युवा धन सरकारी नौकरी में चयनित हो उसके लिए उनको सहकार एवं मार्गदर्शन ट्रेनिंग आदि देना। ज्यादा से ज्यादा युवा धन उच्च शिक्षा प्राप्त करके खुद भी आगे बड़े एवं समाज को भी आगे बढ़ाए ऐसा आयोजन करना।

**10** समाज की युवा ब्रिगेड की ऐसी टीम खड़ा करना जो संकट के समय तकलीफ के समय समाज बंधुओ के साथ खड़ी रहे एवं उनकी समस्या का निराकरण करें इस ब्रिगेड में उन युवाओं को शामिल करा जाए जो अपना समय त्याग बलिदान एवं शक्ति का उपयोग कर समाज बंधुओ का भला कर सके।

**11** समाज में बड़े बुजुर्गों की एक ऐसी न्यायपालिका पंच खड़ा करा जाए जो समाज के समाज बंधुओ के बीच में किसी प्रकार की तकरार,मनमुटाव एवं पारिवारिक समस्या खड़ी हो तो पुलिस प्रशासन एवं न्यायपालिका की और जाने से पहले समाज के स्तर पर उनकी समस्याओं का निराकरण एवं न्याय हो अगर उनको यह न्याय मंजूर न हो तो आखिर में वह कानून के रास्ते पर जा सकते हैं एक ऐसी व्यवस्था भी करने का उद्देश्य है।

**12** समाज में दहेज प्रथा को संपूर्ण तौर पर बंद करवाने के लिए राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक लेवल पर प्रयास करना। ज्यादा से ज्यादा समूह विवाह के कार्यक्रमों को महत्व देना एवं फिजूल खर्चों पर नियंत्रण करना एवं पारिवारिक समस्या निराकरण एवं महिला उत्पीड़न जैसी गंभीर समस्या का प्रादेशिक एवं राष्ट्रीय लेवल पर निराकरण करना एवं सलाह सूचन करना

**13** ब्राह्मण होने के नाते समाज का युवा धन हमारे ब्राह्मण सभ्यता संस्कृति से पिछड़े एवं बिछड़े नहीं उसके लिए प्रयास करना एवं संस्कृत संस्कृति सभ्यता एवं धार्मिक कार्यों में युवाओं की रूचि बढ़ाना एवं मार्गदर्शन करना।

**14** राष्ट्रीय आपदा सामाजिक आपदा एवं विभिन्न प्रकार की आपदाओं में समाज की तरफ से देश की नागरिकों की सेवा एवं सहायता करना।

**15** समय-समय पर समाज बंधुओ की राय लेना एवं विभिन्न प्रकार की राय लेकर उनकी सलाह अनुसार महत्वपूर्ण कार्यों को महत्व देना एवं बढ़ावा देना।

**16** जब तक समाज की धर्मशाला के लिए जमीन नहीं मिलती है तब तक मेरा उद्देश्य है कि अहमदाबाद शहर में किसी महत्वपूर्ण स्थल पर समाज के लिए एक छोटी सी ऑफिस की जगह खरीदी जाए और यह कार्य काफी संभव है किसी भी फ्लोर पर एक फ्लोर खरीद कर हम अपना स्रिश्चित स्थान खरीद कर हम अपना श्री गणेश कर सकते हैं जिसमें ज्यादा लागत भी नहीं आएगी जहां से समाज का संपूर्ण कार्य संचालन हो एवं समाज के महत्वपूर्ण दस्तावेज वहीं पर रहे।

ऑल इंडिया हरियाणा गॉड ब्राह्मण महासभा (अखिल भारतीय हरियाणा गॉड ब्राह्मण महासभा) जिसके राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री बिरधीचंद जी के नेतृत्व में अखिल भारतीय हरियाणा गॉड ब्राह्मण (गुजरात प्रदेश समाज) एवं हरियाणा गॉड ब्राह्मण समाज सेवा संगठन (गुजरात प्रदेश) आता है जिनकी अध्यक्षता में एक वर्ष का समय पूर्ण हो चुका है। मगर दोनों संगठन गुजरात प्रदेश समाज बंधुओ को एक सूत्रता में बांधने के लिए निष्फल साबित हुए हैं एवं एक करने में किसी प्रकार की महत्वपूर्ण भूमिका नहीं निभाई है। इसका सिर्फ और सिर्फ कारण है अहंम, पद एवं प्रतिष्ठा की लालसा। नहीं कोई समाज के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त की है।एवं नहीं कोई महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं। सिर्फ शपथ ग्रहण समारोह एवं छोटे-मोटे कार्यक्रम जीमन जामाण के अलावा हम बड़ा कुछ भी नहीं कर पाए। इसका सिर्फ और सिर्फ एक कारण है बटां हुआ समाज एवं एकता अखंडता की कमी। जैसे कि मैंने ऊपर लिखा है एवं कहीं बार कहीं जगह में कह भी चुका हूं कि समाज की एकता अखंडता विकास प्रगति यह किसी एक व्यक्ति एवं परिवार विशेष से नहीं हो सकता इसके लिए संपूर्ण समाज को एकजुट होना होगा। समाज की एकता अखंडता के लिए मैं पद पर रहूं या ना रहूं मेरे जीवन का हर पल एवं हर क्षण इन बताए गए कार्यों को परिपूर्ण करने एवं सफल बनाने में निस्वार्थ भाव से पूर्ण आत्मविश्वास के साथ जीवन के आखिरी सांस तक लगा रहूंगा।

**वंदे मातरम - जय हिंद जय भारत**

**कमलेश कुमार शर्मा (पनवाडिया)**
**अखिल भारतीय हरियाणा**
**गॉड ब्राह्मण महासभा**
**गुजरात प्रदेश महामंत्री**



SHREERAM
IRON HOUSE
(Iron & Steel Ware House
& Loading Unloading)
Kanbha, Ahmedabad

Ramavtar
M. Sharma
9898062241

Mukesh
M. Sharma
99049 22241

SHREE BAJRANG
TRANSPORT
(Transport &
Carting Contractor
& Crain Loading
& Unloading)

Vijay S. Sharma
9664829670
Giriraj R. Sharma
9825019175

Sitaram Sharma
9974981403

SHREE
BALAJI
TRANSPORT
(Transport & Carting
Contractor & Crain
Loading & Unloading)

Naresh R. Sharma 9558496512
Jayprakash S. Sharma 7600987776

SHARMA
TYRES
AUTHORISED DEALERS :
APOLLO TYRES LTD.
Odhav, Ahmedabad

STC
Rakesh R. Sharma 9825008751
Ashish S. Sharma 9979998685

SHARMA TYRES
COMPANY
AUTHORISED DEALERS : MRF TYRES
Nana Chiloda Circle, Gandhinagar





